तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 2 अगस्त, 2025

14 विशेष समुदाय के जुलूस पर प्रतिबंध लगाने की मांग




14 यूपीएस के विरोध में कर्मियों ने मनाया काला दिवस



## खबर संक्षेप

### चलती कार में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र-उमरी मार्ग पर सेक्टर 4 में सड़क पर चलती कार में अचानक आग लग गई। हादसे के वक्त कार में गुड़गांव के दंपत्ती सवार थे। कार के एसी से धुआं निकलने पर दोनों पति-पत्नी कार से बाहर निकल गए। गुरुग्राम की पालन विहार कॉलोनी रहने वाले अनुज कादियान ने बताया कि वे अपने बेटे के एडमिशन के लिए कुरुक्षेत्र आए थे। रात को कार से घूमने निकलने थे कि एसी के वेंट से अचानक धुआं निकलने लगा। जब बोनट खोला तो आग की भयंकर लपटें निकलने लगीं। कुछ ही देर में कार आग का गोला बन गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।



### इग्नू में दाखिले अब 15 अगस्त तक : धर्मपाल

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने अपने यूजी, पीजी, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जल, बागवानी, डेयरी, जैविक खेती, मधुमक्खी पालन, कृषि लागत प्रबंधन, कृषि नीति जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स भी पेश किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने और विभिन्न सरकारी व निजी क्षेत्रों में रोजगार पाने के लिए युवाओं को दक्ष बनाते हैं।

### मिड डे मील वर्कर्स का पानीपत में प्रदर्शन कल

**करनाल।** मिड डे मील वर्कर यूनियन, करनाल की जिला एवं ब्लॉक इकाइयों ने 3 अगस्त को पानीपत में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के निवास पर प्रस्तावित राज्य स्तरीय प्रदर्शन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला प्रधान शिमला देवी, ओमप्रकाश माटा, सतपाल सैनी, कमलेश व मुन्नी ने बताया कि कई महीनों से वर्करों को मानदेय नहीं मिला है, वर्दी के पैसे स्कूलों को नहीं भेजे गए हैं और मानदेय में भी कटौती हो रही है। वर्करों ने मांग की है कि उन्हें भी शिक्षकों की तरह 12 माह वेतन, रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष, वर्दी के 2000 तथा हर माह की 7 तारीख को मानदेय दिया जाए।

### मानसिक रूप से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**यमुनानगर।** शहर के चिट्टा मंदिर स्थित हनुमान कॉलोनी में एक युवक ने बीती रात घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक युवक मानसिक रूप से परेशान था। 26 वर्षीय विकास पेपर मिल में काम करता था। विकास कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। शाम को काम से लौटने के बाद वह खाना खाकर अपने कमरे में जाकर सो गया। जब परिवार के सभी सदस्य सो गए तो रात को विकास ने घर के दूसरे कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

## बारिश होने से यमुना नदी का घट-बढ़ रहा जलस्तर

# पहाड़ी व मैदानी इलाकों में तीसरे दिन कहीं तेज तो कहीं हुई हल्की बारिश

### पारा गिरने से गर्मी से लोगों को मिली राहत, किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

प्रदेश के पहाड़ी व मैदानी इलाकों में तीसरे दिन भी कहीं तेज तो कहीं हुई हल्की बारिश हुई। शुक्रवार को बारिश होने से हथनीकुंड बैराज का जलस्तर घट बढ़ रहा है।

- बारिश से सड़कों पर बने गड्ढों में भरा पानी

हालांकि शाम तक यमुना नदी में जलस्तर सामान्य से भी कम बह रहा था, जिससे फिलहाल यमुना नदी में बाढ़ आने की संभावना नहीं है। वहीं, जिले में तीसरे दिन शुक्रवार को भी बारिश होने से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भरने से लोग परेशान रहे। शुक्रवार को जिले में तीसरे दिन भी सुबह से बारिश शुरु हो गई थी। इसके बाद दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और रुक रुक कर कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होती रही। जिससे जिला तरबतर बना रहा। बारिश की वजह से जिले में दोपहर तक लोग भीगते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचे। बारिश होने से ट्विन सिटी , बिलासपुर, छछरौली समेत अन्य कस्बों के नीचले इलाकों में बारिश होने से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। सबसे ज्यादा परेशानी सड़कों पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों व पैदल चल रहे लोगों को हुई। क्योंकि सड़कों पर भरे पानी में से गुजरते हुए भारी वाहनों ने राहगिरों को खूब भिगोया। वहीं, शादीपुर मार्ग पर सड़क पर बारिश का पानी कई स्थानों पर जमा होने से लोग परेशान रहे। शुक्रवार को भी पहाड़ी व मैदानी इलाकों में रुक रुक कर होती रही बारिश की वजह से हथनी कुंड बैराज का जलस्तर घटता बढ़ता रहा।

शाम तक हथनी कुंड बैराज में जलस्तर सामान्य से भी कम 40 हजार 936 क्यूसिक बह रहा था। हालांकि इससे पहले कभी 36 हजार क्यूसिक तो कभी 38 हजार क्यूसिक और कभी 41 हजार क्यूसिक जलस्तर पहुंच गया। पहाड़ी इलाकों में जब तेज बारिश होती है तो बैराज का जलस्तर बढ़ जाता है और जब हल्की बारिश होती है तो बैराज का जलस्तर कम हो जाता है। उनके मुताबिक अभी यमुना नदी में सामान्य से भी कम जलस्तर बह रहा है और कोई खतरे की आशंका नहीं है। सूत्रों का कहना है कि यदि पहाड़ी इलाकों में जोरदार बारिश हुई तो हथनी कुंड बैराज में जलस्तर बढ़ सकता है।





**यमुनानगर।** शुक्रवार को हुई बारिश से सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते हुए लोग और यमुना नदी में बहता हुआ जल।

## यमुना में गिरी कारोबारी की कार

# कार में सवार पत्नी की मौत, पति की तलाश

- ढाई घंटे की मशक्कत के बाद हाईड्रॉ मशीन की मदद से कार को रस्सियों से बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

करनाल में गुरुवार रात एक दर्दनाक हादसे में फर्नीचर कारोबारी अमित मिगलानी की कार पश्चिमी यमुना नहर में गिर गई। कार में उनकी पत्नी निशा मिगलानी भी सवार थीं। हादसे के बाद रेस्क्यू टीम ने निशा का शव नहर से बरामद कर लिया, जबकि कारोबारी अमित का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

प्रशासन, पुलिस व गोताखोरों की टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-13 निवासी अमित मिगलानी अपनी पत्नी निशा के साथ भोजन के बाद कैथल रोड की ओर घूमने निकले थे। इसी दौरान अचानक कार का संतुलन बिगड़ा और वाहन नहर में जा गिरी। उस वक्त पास ही मौजूद गोताखोरों ने नहर में कार की बैक लाइट देखी और मदद के लिए कूद पड़े। गोताखोरों ने करीब एक घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें महिला का शव कार से बाहर मिला। सीपीआर देने के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही रामनगर थाना पुलिस, डीएसपी, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और हाईड्रॉ मशीनों के साथ गोताखोरों की टीमें मौके पर पहुंच गईं।करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद हाईड्रॉ मशीन की मदद से कार को रस्सियों से बांधकर बाहर निकाला गया। जब कार की जांच की गई तो उसमें अमित मिगलानी की बॉडी नहीं मिली। कार के शीशे टूटे पाए गए, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हादसे के वक्त अमित शीशों के जरिए बाहर निकल गए होंगे और बहाव में बह गए होंगे। सिविल लाइन थाना प्रभारी श्रीभगवान ने बताया कि अब तक अमित मिगलानी की बॉडी नहीं मिली है। सुबह से दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया है।



# अंबाला शहर के प्रमुख डाकघर रहेंगे बंद, कैंट जीपीओ में जारी रहेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर के प्रमुख डाकघर कल सार्वजनिक कार्यों के लिए बंद रहेंगे। इस दौरान अंबाला कैंट जीपीओ से संबंधित डाकघरों में ही लोग काम करा सकते हैं। दरअसल, डाक विभाग नई टेक्नोलॉजी के ऊपर शिफ्ट होने जा रहा है।

इसको लेकर कई डाकघरों की माइग्रेशन हो चुकी है लेकिन कई की अभी नहीं हो सकी है। जिस कारण कल उनकी माइग्रेशन का काम किया जाएगा। अभी इन दिनों राखी पोस्ट करने के लिए अधिक संख्या में लोग पहुंच रहे हैं लेकिन कल अंबाला शहर में राखी पोस्ट नहीं कर सकेंगे। उपभोक्ता अंबाला कैंट जीपीओ के माध्यम से अपनी राखी को पोस्ट करा सकते हैं। अंबाला कैंट जीपीओ कल भी सार्वजनिक कार्यों के लिए खुला रहेगा। प्रवर डाक अधीक्षक विजय कुमार ने बताया कि अंबाला कैंट जीपीओ का माइग्रेशन पहले ही किया जा चुका है। इस कारण अंबाला कैंट जीपीओ कल लोगों के लिए खुला रहेगा। लोग अंबाला शहर, यमुनानगर और पंचकुला से आकर यहां अपना काम करा सकते हैं।

### डिजिटल प्रणाली 4 अगस्त से

**कुरुक्षेत्र।** डाक विभाग ने अपनी अगली पीढ़ी के आईटी 2.0 एप्लिकेशन के लॉन्च की घोषणा की है, जो डिजिटल उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत, एक उन्नत डिजिटल प्रणाली 4 अगस्त से कुरुक्षेत्र और कैथल जिले के सभी डाकघरों में लागू की जाएगी। इस परिवर्तन को सुचारू बनाने के लिए, 2 अगस्त को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेनदेन नहीं होगा। यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन और सिस्टम सत्यापन जैसी प्रक्रियाओं के लिए जरूरी है, ताकि नई प्रणाली कुशलता से काम कर सके। आईटी 2.0 एप्लिकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तेज सेवा वितरण, और एक अधिक सुविधाजनक इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्मार्ट और कुशल डाक सेवाओं के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# नए सिरे से विकसित होगा अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन

- उत्तर रेलवे के जीएम ने स्टेशन पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- अंबाला डिविजन के अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला कैंट के रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को उत्तर रेलवे के जनरल मैनेजर ने निरीक्षण किया। वे दिल्ली से पश्चिम सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के एक खास कोच में पहुंचे थे।

उनके साथ अंबाला और दिल्ली डिवीजन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। जीएम अंबाला मंडल की समीक्षा बैठक में आए थे। इसी दौरान उन्होंने स्टेशन और क्रू लॉबी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंबाला डिविजन के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि जीएम अशोक कुमार रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाले तो डिविजन के अधिकारियों ने तुरंत तैयारियां शुरू कर दी। अधिकारियों ने खुद जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। डीआरएम ने खुद पहुंच कर सभी वेटिंग रूम की सफाई कराई। अन्य व्यवस्थाओं को भी जायजा लिया। जांच के दौरान रेलवे स्टेशन पर एक युवक चक्कर खाकर बेहोश हो गया। हालांकि जैसे ही वह जमीन पर गिरा तो यहां मौजूद कॉमर्शियल स्टाफ के कर्मियों ने संभाल लिया। उसके चेहरे पर पानी मार होश में लाया गया। कॉमर्शियल स्टाफ ने साथ मिलकर युवक को वहां से उठा कर ठंडे स्थान पर पहुंचाया। जीएम अशोक कुमार ने बताया कि अंबाला कैंट स्टेशन को जल्द ही नए सिरे से विकसित किया जाएगा। इसके लिए योजना बनाई जा रही है।

वे जल्द ही अंबाला कैंट स्टेशन को बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित बनाएंगे। जीएम के अंबाला कैंट स्टेशन पहुंचने से पहले अंबाला कैंट स्टेशन पर अव्यवस्थाओं को सुधारने में पूरा अमला लगा रहा। इस दौरान अनावश्यक खड़े लोगों को स्टेशन से बाहर निकाला गया। जहां सीसीटीवी आदि खराब थे उनको उनके आने से ठीक पहले ही ठीक कराया गया। जीएम के आने से पहले कई अव्यवस्थाएं थी। अंबाला कैंट स्टेशन पर जिस दौरान जीएम पहुंचे थे उस दौरान कई सीटों पर बारिश का पानी पड़ा हुआ था। जिससे यात्रियों को बैठने में दिक्कत हो रही थी।



**अंबाला।** रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते जीएम रेलवे व अन्य अधिकारी।

# युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को दिल्ली बुलाकर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को दिल्ली पुलिस को किया ट्रांसफर

एक युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर दिल्ली बुलाकर दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी से मना कर दिया। शहर यमुनानगर की महिला थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपी युवक के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को दिल्ली पुलिस को ट्रांसफर कर दिया।

शहर की एक कॉलोनी निवासी युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 12 वीं तक पढ़ी हुई है। उसने शादी डॉट कॉम पर शादी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। फरीदाबाद के सेक्टर-91 निवासी अंकित जयंत ने भी शादी के लिए शादी डॉट कॉम पर आवेदन किया हुआ था। इसके बाद उनकी फोन पर दोस्ती हो गई। आरोपी ने उसे फोन पर उसकी अपने मम्मी पापा से बात करवाई। इसके बाद आरोपी ने उसे अपना घर दिखाने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी पर विश्वास करके उसके घर गई तो आरोपी ने उसे शॉपिंग करवाई। इसके बाद आरोपी उसे शादी करने की बात कहकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। मगर उसने मना कर दिया। इसके बाद वह घर आ गई। इसके बाद भी आरोपी उसे फोन पर बात करता रहा। 2024 में आरोपी ने फिर से उसे मिलने के लिए दिल्ली बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे सेक्टर-18 नोयडा दिल्ली में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा कर शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे अलग-अलग होटलों में ले जाकर उसके साथ संबंध बनाए। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया।

### कार की टक्कर लगने से युवती की मौत

**यमुनानगर।** जिले के थाना छप्पर क्षेत्र के गांव नया शहर के पास कार की टक्कर लगने से 21 वर्षीय युवती की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केगांव नवा शहर निवासी रणबीर सिंह ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी लड़की संजना सुबह 11 बजे शहर जाने के लिए घर से निकली थी। जब वह गांव के बाहर सड़क क्रॉस करने लगी तो तेज गति से आ रही कार ने उसकी बेटी को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आरोपी चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना परिजनों को दी।

# कुवि की निर्माणाधीन बिल्डिंग में विजिलेंस की टीम ने मारा छापा

- दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रिकॉर्ड साथ ले गई टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन बिल्डिंग में विजिलेंस की टीम ने शुक्रवार सुबह छापा मारा। एडम ब्लॉक के पीछे स्थित इस निर्माणाधीन बिल्डिंग में टीम ने गहनता से दस्तावेजों की जांच की।

टीम ने करीब 6 घंटे तक अधिकारियों से पूछताछ की। विजिलेंस टीम में इंस्पेक्टर प्रवीण, एएसआई राजीव, एक्सईएन नीरज शामिल रहे। विजिलेंस टीम को दीदार नगर निवासी नौशाद अली ने शिकायत की थी।

शिकायत के बाद टीम ने शुक्रवार सुबह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दस्तक दी। टीम ने एडम ब्लॉक के पीछे स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग में मौजूद अधिकारियों से बातचीत की और दस्तावेजों की गहनता से जांच की। टीम कुछ रिकॉर्ड साथ लेकर गई है।



**कुरुक्षेत्र।** दस्तावेजों की जांच करती विजिलेंस टीम।

## यौन उत्पीड़न के विरुद्ध आंतरिक शिकायत समिति का पोस्टर जारी

# छात्राओं की सुरक्षा कुवि की सर्वोच्च प्राथमिकता

- यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरुकता लाने के प्रयास सराहनीय : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है।

यह विचार उन्होने शुक्रवार को कुलपति कार्यालय में यौन उत्पीड़न के विरुद्ध आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का पोस्टर जारी करते हुए व्यक्त किए। इस पोस्टर में छात्राओं और कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न की स्थिति में आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया है। पोस्टर में संबंधित अधिकारी के आपात कालीन नंबर भी दिए गए हैं। इसके साथ ही शिकायत कैसे दर्ज की जाए यह बताया गया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए आईसीसी के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आईसीसी समिति द्वारा पूरी गोपनीयता के साथ छात्राओं की शिकायत का समाधान किया जाता है। कुलपति ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम और निषेध के लिए समिति के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा किए गए उनके प्रयासों के लिए उन्हें बधाई दी।



**कुरुक्षेत्र।** पोस्टर जारी करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, प्रो. सुनीता सिरोहा, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. कुसुम लता, प्रो. अनिता भटनागर प्रो. अनिता दुआ, प्रो. वनिता ढींगरा, डॉ.अंकेश्वर प्रकाश, मीनाक्षी वर्मा, राहुल सहित अन्य मौजूद थे।

### सांसद जिंदल ने 108 फीट ऊंचे तिरंगे का किया ध्वजारोहण

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान और गौरव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत कुरुक्षेत्र के सांसद एवं फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने आगरा में ऐतिहासिक शत्रुजीत चौक पर पैराशूट ब्रिगेड में 108 फीट ऊंचे भव्य तिरंगे का ध्वजारोहण किया। यह देश में फाउंडेशन द्वारा स्थापित 180वां भव्य तिरंगा है। उन्होंने कहा कि यह प्रतीकात्मक है क्योंकि किसी काम में सफलता की प्राप्ति के लिए एक प्रेरणास्त्रोत की आवश्यकता होती है इसलिए राष्ट्रसेवा के लिए हम तिरंगा को अपना प्रेरणास्त्रोत बनाएं और अपने-अपने काम को पूरी ईमानदारी से करें।

# युवक की मौत के मामले में सगा भाई गिरफ्तार

- सीसीटीवी कैमरों की जांच में हुआ खुलासा, आरोपी से पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

भूरेवाला गांव के फिशरी फार्म पर काम करने वाले दिनेश कुमार की मौत हो गई। फार्म के मालिक मोहाली के मानवेंद्र सिंह की शिकायत पर पुलिस ने मृतक के भाई मनोज पर मामला दर्ज किया है।

मानवेंद्र सिंह ने बताया कि वो मोहाली कोर्ट में वकालत करता है। उसने भूरेवाला गांव में एक फार्म खोला हुआ है। यहां पिछले पांच-छह साल से सिद्धार्थ नगर यूपी के दो भाई दिनेश कुमार वा मनोज कुमार उसके पास काम कर रहे थे। 30 जुलाई रात लगभग 8:30 बजे मनोज का फोन आया कि दिनेश को किसी ने मारकर तालाब में फेंक दिया है।

इस सूचना पर वो अपने अन्य सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान पुलिस भी पहुंची चुकी थी। यहां पर पहुंचकर जब स्थिति का आकलन किया तो वो संदिग्ध प्रतीत हुई। जब फार्म पर लगे कैमरों की जांच की गई तो इसमें मामला कुछ और ही नजर आया।

## खबर संक्षेप

### शतरंज दिमागी कसरत के लिए फायदेमंदः साहिल



**करनाल।** करनाल में 2 अगस्त से दो दिवसीय 39वीं हरियाणा स्टेट ओपन वूमेन चैस चैंपियनशिप का आयोजन सेक्टर-14 स्थित क्लब वाटिका लांस में किया जा रहा है। यह जानकारी कर्ण नगर चैस एसोसिएशन के अध्यक्ष साहिल सुखीजा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में किसी भी उम्र के महिला प्रतिभागी भाग ले सकते हैं और इसमें पूरे हरियाणा से प्रतिभाशाली खिलाड़ी जुट रहे हैं। साहिल सुखीजा ने बताया कि शतरंज एक ऐसा खेल है जो मानसिक स्वास्थ्य, ध्यान, याददाश्त और समस्या-समाधान की क्षमता को बेहतर बनाता है।

### श्री राम मंदिर भजनों से गूंजा सावन का 22वां दिन

**करनाल।** श्री राम मंदिर, सेक्टर 8 में सावन माह की धार्मिक श्रृंखला के अंतर्गत 22वें दिन भोलेनाथ का पंचामृत स्नान एवं फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। मुख्य यजमान के रूप में भारत विकास परिषद कृष्ण शाखा के अनिल मदान, रीता मदान, नीरज मेहता सहित कई सदस्यों ने भाग लिया।
पंडित अनिल द्विवेदी व पंडित हरीश आचार्य ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। भजन कार्यक्रम में वीना सेठ, सुशील मदान व अनु खट्टर ने भक्तिरस से सराबोर कर दिया। आयोजन में अशोक मदान, मुरारी बत्रा, वेद दुआ, रजनी गुप्ता, सुरेश हिंदूजा, विजय कौशल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत कार्यक्रम शुरू

**करनाल।** 1 से 7 अगस्त तक मनाए जा रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत नागरिक अस्पताल करनाल में जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पीएमओ डॉ. बलवान, उप-सिविल सर्जन डॉ. अनु शर्मा, डॉ. अभय अग्रवाल सहित स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. पूनम ने बताया कि नवजात शिशु को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान अवश्य कराना चाहिए। मां का पहला पीला दूध (कोलोस्ट्रम) शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। स्तनपान मां और शिशु दोनों के लिए स्वास्थ्यवर्धक है और कई बीमारियों से बचाता है।

### केथ लैब एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# विधानसभा अध्यक्ष ने हलके को दी 58 लाख के विकास कार्यों की सौगात

**राजकीय प्राइमरी स्कूल मधुबन में 38 लाख रुपये की लागत से बनाए 5 कमरों का किया उद्घाटन**





घरौंडा। विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र सिंह कल्याण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में करीब 58 लाख रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र सरकार की प्रमुखता है, चाहे उसमें आयुष्मान हो या अन्य स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं हों। सरकार ने आमजन को बेहतर और अच्छा ईलाज पाने की सुविधाएं दी है। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा इस प्रकार की सुविधाएं लोगों को मिलें। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने और पात्र लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने राजकीय प्राइमरी स्कूल मधुबन में 38 लाख रुपये की लागत से बनाए 5 कमरों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में छात्रों से बातचीत कर स्कूल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने गांव बसताड़ा में 20 लाख रुपये की लागत से बने योगा शेड और कमरों का उद्घाटन किया। इसके साथ-साथ उन्होंने बसताड़ा गांव में ही भूमि पूजन कर देवी माता के मंदिर के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल से एक एडवांस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने नया डेंटल डिपार्टमेंट, अपग्रेडेड आईसीयू सुविधाओं के साथ एक एडवांस कैथ लैब, एक नया ब्रोंकोस्कोपी यूनिट और पीएफसी (पैरामेडिकल फैसिलिटी), एनआईसी (नवजात गहन चिकित्सा इकाई) और एक ग्रीन हॉस्पिटल (अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त पर्यावरण-अनुकूल अस्पताल) की शुरुआत भी की। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि यह मौका विकास और आस्था दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। अच्छे काम और विकास के साथ-साथ हमारी आस्था भी मजबूत रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता गांव और इलाके के विकास के लिए काम करना है, ताकि हर घर और हर व्यक्ति की तरक्की हो सके। उन्होंने कहा कि विकास केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का होता है, जिसमें सभी वर्गों का योगदान होता है। उन्होंने पिछले कार्यकाल में विकास कार्यों में आई अड़चनों का जिक्र करते हुए कहा कि अब सभी रुके हुए काम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई है वह जनता की वजह से मिली है और वह इसका उपयोग समाज के भले के लिए ही करेंगे।

#### निजी हस्पताल मे कैथ लैब व अन्य एसेंशियल अपग्रेड कार्यों का किया उद्घाटन

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने निजी हस्पताल में कई नई और उन्नत सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल परिवार को बधाई दी और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ये सभी प्रयास आधुनिक भारत की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक संकल्प और शुरुआत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प में हम सभी को योगदान देना है और यह योगदान समाज के हित में किए गए कार्यों से संभव होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी तरक्की के साथ-साथ समाज और देश को आगे बढ़ाने के बारे में सोचना चाहिए।



### सकारात्मक दृष्टिकोण से करें अपने सपने साकार

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज, करनाल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत वैदिक परंपरा अनुसार हवन यज्ञ के साथ की गई। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति एवं डीएवी कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने यज्ञ में आहुति देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। प्रो. सैनी ने कहा कि हवन यज्ञ सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति का संचार करता है। यह हमारी वैदिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विद्यार्थियों में समर्पण, अनुशासन और आध्यात्मिक उन्नति की भावना विकसित करता है। उन्होंने कहा कि कॉलेज शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कारों और नैतिक मूल्यों का केंद्र है। डॉ. आरपी सैनी ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने और आत्म-विकास की प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया।



### रात्रि ठहराव में पहुंचे एडीसी ने मौके पर निपटाईं शिकायतें

**करनाल।** मुख्यमंत्री निर्देशों के तहत करनाल के एडीसी सोनू भट्ट वीरवार देर सायं नीलोखेड़ी खंड के सुल्तानपुर गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अनेक मामलों में मौके पर ही समाधान किया। कार्यक्रम में एसडीएम अशोक कुमार, सीईओ जिला परिषद अमित कुमार, डीएसपी महावीर सिंह, डीडीपीओ संजय टांक, बीडीपीओ प्रशांत सहित अधिकारी उपस्थित रहे। एडीसी ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सके। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री आवास योजना, पेंशन, मनरेगा, गांव की गली, स्कूल मार्ग, सफाई कर्मचारी और कब्रिस्तान चारदीवारी जैसी समस्याएं रखीं, जिनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने का आश्वासन दिया गया। एडीसी ने सोमवार और वीरवार को होने वाले समाधान शिविरों में भाग लेने का भी आग्रह किया।

## मुल्तान ज्योत महोत्सव आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री मुल्तान जोत सभा तरावड़ी की ओर से शनिवार और रविवार को मुल्तान जोत महोत्सव धूमधाम से मनाया जाऐगा। इस कार्यक्रम मे विधायक भगवान दास कबीरपंथी, पंजाबी धर्मशाला के प्रधान नंदकिशोर खुराना, पंजाबी संभा के प्रधान राजीव नारंग, समाजसेवी हन्नी चौधरी और गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। आज सभा की ओर शहर मे गणमान्य को निमंत्रण वितरित किये गये। जिसमे विधायक कबीरपंथी को निमंत्रण कार्ड देने के लिये सभा कमेटी सदस्य राजीव नारंग, देवेंद्र कामरा, प्रवीण बत्रा, मुकेश सचदेवा, जॉनी सरदाना, संजय आनंद, सतीश अरोड़ा एवं हंसराज पाहुजा,अजय सचदेवा, लक्ष्मण दास सेठी, सुरेंद्र खुराना पहुंचें। जानकारी देते हुए सभा के संयोजक हंसराज पाहुजा ने बताया मुल्तान ज्योत परम्परा पिछले 114 सालों से पाकिस्तान के मुलतान जिले से आरम्भ हुई थी, जिसकी शुरुआत भगत लाला रूप चंद द्वारा की गई। जो लोग वहां से पैदल चल कर हरिद्वार गंगा जी में ज्योत विसर्जन करते थे। मुल्तान ज्योत महोत्सव का इतिहास 1911 में, पाकिस्तान के मुल्तान शहर के रहने वाले लाला रूपचंद अपनी दस संतानों की मृत्यु के बाद अपनी बेटी को गंभीर चोट लगने पर हरिद्वार आकर गंगा में ज्योत अर्पित करने और आशीर्वाद लेने गए थे।




तरावड़ी। जोत की झांकी के साथ हंसराज पाहुजा, सतीश अरोड़ा, सुरेन्द्र खुराना, देवेंद्र कामरा, सुरेन्द्र, गौरव कामरा, प्रवीण बतरा, सहित सभा के सदस्य।

## जनहित में कार्य करे प्रशासनः भगवानदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। बैठक की अध्यक्षता करते यमुनानगर विधानसभा समिति के अध्यक्ष एवं नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी। फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में विधानसभा समिति द्वारा अनुसूचित जातियों, जनजातियों एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण के हितों में चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक की अध्यक्षता यमुनानगर विधानसभा समिति के अध्यक्ष एवं नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने की। बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए विधानसभा समिति के अध्यक्ष एवं नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि हरियाणा विधानसभा में गठित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए विधानसभा समिति गठित की है। इसी कड़ी में इन जातियों के लोगों के उत्थान के लिए समय-समय पर सरकार की योजनाएं जो धरातल पर चल रही योजनाओं के बारे संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तार विधानसभा समिति की कमेटी द्वारा जानकारी ली जाती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की जिम्मेदारी है कि संविधान एवं कानून के दायरे में रहते हुए इन वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का समय-समय पर अवलोकन व निरीक्षण करें ताकि इन वर्गों के लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सकें।

विधानसभा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश और जनता के हितों को ध्यान में रखकर पूरे प्रदेश का बजट पारित किया जाता है, बजट के इस पैसे का सही तरीके से इस्तेमाल हो और जो व्यक्ति इसके योग्य है, उन तक इसका लाभ पहुंचे। इसके लिए कमेटियों का गठन किया जाता है। इसलिए आज विधानसभा समिति की कमेटी संबंधित विषयों का अवलोकन करने के लिए यमुनानगर में बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से इन वर्गों से जुड़े विषयों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित जानकारी कि अनुसूचित जाति, जन जाति एवं पिछड़ा वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उन तक पहुंच रहा है, के बारे विस्तार से देंगे।

विधानसभा समिति की बैठक में पुलिस विभाग से संबंधित जानकारी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने दी।

## बीएनआई अर्बन हरियाणा का ‘ग्रोथ एक्स 25’ सम्मेलन बना व्यवसायिक संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल में बीएनआई (बिज़नेस नेटवर्क इंटरनेशनल) अर्बन हरियाणा द्वारा आयोजित “ग्रोथ एक्स 25” व्यावसायिक सम्मेलन ने क्षेत्र के व्यापार जगत में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस आयोजन में न केवल हरियाणा बल्कि दिल्ली, चंडीगढ़, फरीदाबाद, नोएडा, अहमदाबाद और गुजरात सहित देशभर से 300 से अधिक अग्रणी उद्यमियों, व्यवसायियों और नवप्रवर्तकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का संचालन बीएनआई अर्बन हरियाणा के कार्यकारी निदेशक गौरव गर्ग की अगुवाई में हुआ, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक विचारों के माध्यम से उपस्थित उद्यमियों को संरचित संवाद व्यवस्था (स्ट्रक्चर्ड नेटवर्किंग) के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक व्यापारिक दौर में सही मंच और आपसी सहयोग से ही स्थायी सफलता संभव है। इस सम्मेलन में प्रमुख आकर्षण के रूप में तीन व्यवसायिक परिचय सत्र (नेटवर्किंग राउंड्स) आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को नए व्यावसायिक संपर्क स्थापित करने, सहयोग के अवसर तलाशने और प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला।




### छह सदस्यीय टीम करेगी गोवंश की धरपकड़

**करनाल।** नगर निगम करनाल ने हरियाणा सरकार के निर्देश पर बेसहारा गौवंश मुक्त शहर अभियान की शुरुआत कर दी है। यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि पहले दिन सेक्टर-6 से 5 बेसहारा पशुओं को पकड़कर टैगिंग के बाद फूसगढ़ स्थित नगर निगम गौशाला में भेजा गया। उन्होंने बताया कि खुले में पशु छोड़ने वालों पर अब कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जब्त पशु वापिस नहीं दिया जाएगा। गौवंश की धरपकड़ के लिए 6 कर्मचारियों की टीम व विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। फूसगढ़ की गौशाला में सीसीटीवी, अनुभवी वेटरनरी डॉक्टर, 35 कर्मचारियों व चारे की पूरी व्यवस्था है। निगमायुक्त ने डेयरी संचालकों से अपील की कि वे अपने पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा समाधान : हरविन्द्र

- अफसरों को दिए जनता से तालमेल बनानें निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को घरौंडा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनीं व उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि उनका प्रयास है कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस मकसद से जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। वह स्वयं समय-समय पर इनकी मॉनिटरिंग करते हैं, क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिले, इसको लेकर वे निरंतर प्रयासरत हैं। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विभिन्न शिकायतों को सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल समाधान करें।



### एचएसईबी वर्कर यूनियन ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ दिया जोरदार धरना

·करनाल। एचएसईबी वर्कर यूनियन टीएस करनाल ने शुक्रवार को सेक्टर-9 स्थित शक्ति भवन कॉम्प्लेक्स में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। यूनिट ऑडिटर मनोज वर्मा की अध्यक्षता में हुए इस प्रदर्शन का संचालन यूनिट सचिव संदीप टूरण ने किया।सर्कल सचिव गुरमीत सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा लाई गई ऑनलाइन नीति कर्मचारियों के हित में नहीं है। पहले ही हजारों कर्मचारियों को 200 से 300 किलोमीटर दूर भेजा जा चुका है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जब तक नीति में सुधार नहीं होता, तब तक इस पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर सुनील राणा, शमशेर सिंह, रविंद्र नरवाल, मोहन रोहिला, शुभांगी, सतीश, ऋषिपाल, समेत अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

**खेल प्रतियोगिता** प्रतियोगिता में कबड्डी, खो खो, दौड़, बैडमिंटन, योग, टेबल टेनिस, कुश्ती आदि खेल करवाए

# अंडर 17 कबड्डी मैच में खेड़ा की लड़कियों ने गढ़ी बीरबल की लड़कियों को हराया

**प्रतियोगिता मे इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम ने खिलाड़ी लड़कियों का हौसला बढ़ाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। गांव नन्हेड़ा मे चल रही खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेते बच्चे।

शिक्षा विभाग की ओर से शहीद उधम सिंह स्टेडियम नन्हेड़ा मे आयोजित की जा रही खंड स्तरीय लड़कियों की स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता मे खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी की अध्यक्षता में की गई । प्रतियोगिता मे इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम ने स्टेडियम में पहुंचकर खिलाड़ी लड़कियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल शरीर में ऊर्जा का संचार करता है जिस खिलाड़ी का हौसला बढ़ता है और वह जिंदगी में कामयाबी की राह की ओर अग्रसर होता है। डीएसपी ने कहा कि भारी संख्या में लड़कियों को मैदान में खेलते हुए देखना खुशी प्रदान करता है। खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, खो खो, दौड़े, बैडमिंटन, योग, टेबल टेनिस, कुश्ती, स्केटिंग, चैस, ताइक्वांडो, कराटे,बैडमिंटन, बॉक्सिंग, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो आदि खेलों की प्रतियोगिता हुई । खेलों के संचालन में बलविंदर सिंह, बलवान सिंह, हरजिंदर सिंह, विनोद कुमार, अनिल कुमार, संजीव कुमार, धीरज कुमार, मनोज कुमार, विजित, कुलदीप, प्रदीप, मोहनलाल, गुलाब सिंह, धर्मवीर लठवाल, रणजीत सिंह, करम सिंह, दविंदर व राजेश ने सहयोग दिया। जैवलिन थ्रो अंडर-19 में दीक्षा इंद्री ने पहला व मानसी कलसोरा दूसरे स्थान पर रही। अंडर 17 जैवलिन थ्रो में यशिका पटहेड़ा ने पहला स्थान, खुशी कलसोरा ने दूसरा तथा अक्षी इंद्री ने तीसरा स्थान हासिल किया। शॉट पुट अंडर-19 में निशा बदरपुर ने पहले, खुशी बियाना दूसरा तथा छन्नी इंद्री ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट अंडर 17 में गरिमा गढ़ी बीरबल ने पहले और मनप्रीत गढ़ी बीरबल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट अंडर 14 में नेहा जनेसरों पहले स्थान पर, टीना जनेसरो दूसरे व जैस्मिन गढ़ी बीरबल तीसरे स्थान पर रही।

#### ये रहे परिणाम

खेल कमेटी के सचिव बृजभूषण कंबोज व मीडिया प्रभारी महिंद्र खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया की कबड्डी की अंडर 14 के ज्ञान ज्योति स्कूल की लड़कियों ने कलसोरा स्कूल की लड़कियों को हराकर जीत दर्ज की। अंडर 17 कबड्डी मैच में खेड़ा की लड़कियों ने गढ़ी बीरबल को पिछाड़कर जीत दर्ज की। शॉट पुट अंडर-19 में नीरो गढी बीरबल प्रथम, निशु बदरपुर द्वितीय स्थान पर रही । शॉट पुट अंडर 17 में वीरांगना गढ़ी बीरबल प्रथम, वंदिता डबकोली कला द्वितीय व सोनम बदरपुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर 14 शॉट पुट में टीना ने पहला व नेहा ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## कवि तुलसीदास को याद किया

**पानीपत।** भक्ति पथ के महाशिल्पी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर श्री गंगा धाम मंदिर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रो.बालकृष्ण शर्मा, पंडित. निरंजन पाराशर, यज्ञाचार्य डा.शिव प्रकाश पाराशर, प्रदीप शर्मा, डा.महेंद्र शर्मा, कृष्णा शर्मा, पंडित युधिष्ठिर शर्मा, जेपी शर्मा, सुशील शर्मा, वेद बंगा, वेद पाराशर, सतीश गुप्ता, युद्धवीर रेवड़ी, दिनेश गोयल, दीपक गोयल, विनोद मंगला, सेवाराम सैनी, विनोद पांचाल, नरेंद्र सिंगल, प्रो.बलकार, विनय गोयल, संदीप गर्ग ने तुलसीदास के कार्य को संस्कृति और सनातन मूल्यों का अमर स्वरूप बताते हुए कहा कि तुलसीदास ने राम नाम को आत्मा की परम औषधि के रूप में प्रस्तुत किया।

## समाज पर कलंक है बाल विवाह

**पानीपत।** पानीपत इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज दुआ ने पानीपत के जनता को बाल विवाह के विरूद्ध जागरूक करते हुए कहा कि बाल विवाह समाज पर कलंक है। बाल विवाह हमारी युवा पीढियों का तन, मन, धन से बर्बाद करने वाली कुरीति है। समाज के हर वर्ग के बाल विवाह के विरूद्ध धरातल पर कार्य करना चाहिए, ताकि इस कुप्रथा का अंत किया जा सके। इधर, बाल संरक्षण अधिकारी रजनी गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह से बच्चों के भविष्य पर गहरा दुष्प्रभाव पडता है। पानीपत को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में हर वर्ग को आगे आना होगा।

## मंत्री ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार में पेंशन, बिजली के साथ पानी निकासी से संबंधित शिकायतें लेकर लोग पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह और डीएसपी यातायात सुरेश सैनी ने भी पहली बार जनता दरबार में पहुंचकर पुलिस से संबंधित शिकायतों का समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं, नागरिकों ने मंत्री ढांडा के समक्ष करीब 170 लोगों ने अपनी शिकायतें रखी।

## मारपीट करने वाले दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव राजा खेड़ी के पास अर्टिगा गाड़ी सवार युवकों का रास्ता रोककर चोट मारने के केस में थाना किला पुलिस ने आरोपी हुडा सेक्टर 11 निवासी फैसल व गोसली मोहल्ला निवासी अनस को गिरफ्तार किया है। थानेदार श्रीनिवास ने बताया कि इस मामले में गांव गढ़ी बेसिक निवासी अदरीश की शिकायत पर केस दर्ज है। आरोपियों ने अदरीश, जोवद, इसकी मां के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था।

## हादसे में दंपति गंभीर

**इसराना।** गांव इसराना के पास रोहतक हाईवे पर शुक्रवार को कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार दंपति हरिप्रकाश व इनकी पत्नी सरोज बाला निवासी गांव डाहर घायल हो गए। दोनों को राहगिरों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं सरोज बाला राजकीय स्कूल गांव अहर में टीजीटी टीचर है। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एसडी कालेज में प्रथम वर्ष में प्रवेश लिए विद्यार्थियों के लिए इन्डक्शन प्रोग्राम आयोजित

# बेरोजगारी उन्मूलन को कारगर है नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति : डाः अरोड़ा

कालेज प्रधान दिनेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष विशाल गोयल ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



एसडी कालेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, आदि इन्डक्शन प्रोग्राम का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कॉलेज में होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं खेल-कूद की गतिविधियों में हिस्सा लेने को प्रेरित किया

एसडी पीजी कालेज में विज्ञान, वाणिज्य और ऑर्ट प्रथम वर्ष में प्रवेश लिए नए विद्यार्थियों के लिए इन्डक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा ने विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं प्रोफेसर्स के साथ मिलकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें मौजूदा सत्र में कॉलेज में होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं खेल-कूद की गतिविधियों, लाइब्रेरी, क्रीडा क्षेत्र, कैंटीन, सेमिनार हाल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कॉलेज में अनुशासन रखने सम्बन्धी जानकारी दी। कालेज प्रधान दिनेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष विशाल गोयल ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय में सत्र 2024-25 की शैक्षणिक, खेलत्रकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां भी दिखाई गई। मंच संचालन अंग्रेजी विभाग की अध्यापिका डा. मोनिका खुराना ने किया। प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को नए पाठ्यक्रम के अनुसार लागू कर दिया गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा बेरोजगारी उन्मूलन को कारगर है। नीति प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कॉलेज में होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं खेल-कूद की गतिविधियों में हिस्सा लेने को प्रेरित किया। दिनेश गोयल प्रधान ने कहा कि प्राचीन समय से ही शिक्षक सही दिशा में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित तथा मार्गदर्शित करते आ रहे हैं। वे न केवल सही कैरियर चयन में हमारी सहायता करते हैं बल्कि एक अच्छा इंसान बनने की शिक्षा भी देते हैं। विशाल गोयल कोषाध्यक्ष ने कहा कि देश की आबादी का 65 प्रतिशत युवाओं का है इसलिए वे ही औद्योगिक क्षेत्र में राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। कार्यक्रम में डा. संतोष कुमारी, डा. प्रियंका चांदना, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डा. राकेश गर्ग, डा. मुकेश पुनिया, डा. एसके वर्मा शामिल रहे।



उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को स्मृति चिंह भेंट करते हुए सीएमओ डॉ. विजय मलिक।

## बच्चे के लिए सबसे पौष्टिक होता है मां का दूध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के सिविल अस्पताल में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक, डॉ. रिंकू सांगवान, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डॉ. नवमीत, नोडल अधिकारी बाल स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, डॉ. अमित पोरिया, डिप्टी एमएस सिविल अस्पताल, डॉ. एकता, बाल रोग विशेषज्ञ और मुख्य नर्सिंग अधिकारी नीलम कटारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि मां का दूग्ध शिशु के लिए सर्वोत्तम और पूर्ण आहार है, जो शिशु को आवश्यक पोषण, रोग प्रतिरोधक क्षमता और संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने माताओं से अपील की कि जन्म के पहले घंटे में स्तनपान की शुरुआत अवश्य करें और पहले छह महीने तक केवल मां का दूध ही दें। वहीं, डॉ. एकता, बाल रोग विशेषज्ञ ने माताओं को बताया कि मां का दूध शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व, एंटीबॉडी और एंजाइम होते हैं, जो बच्चे को विभिन्न संक्रमणों से बचाते हैं और उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि मां के दूध से न केवल शिशु का विकास बेहतर होता है, बल्कि मां को भी प्रसव के बाद स्वास्थ्य लाभ तेजी से होता है और स्तन कैंसर का खतरा कम होता है।

# सामाजिक विकास का आधार है संस्कृतिः डा.मलिक

- आईबी कालेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ, कला संकाय के विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईबी कालेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मंचासीन प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक आदि। फोटो : हरिभूमि

आईबी कॉलेज में दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. शशि प्रभा मलिक ने किया। वहीं डा मलिक ने कला संकाय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आईबी कॉलेज आधुनिक सुविधाओं से संपन्न इस क्षेत्र का सर्वोत्तम नैक ग्रेडिंग वाला महाविद्यालय है। डा. पूनम मदान ने परीक्षा नियंत्रक के तौर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित परीक्षा से संबंधित मापदंडों से विद्यार्थियों का परिचय कराया और विद्यार्थियों को बिना डर के अपनी परीक्षाओं का सामना करने के लिए प्रेरित किया। डा. अर्पणा गर्ग ने प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि हमारी शिक्षा व्यक्तित्व विकास के साथ रोजगार के अवसर प्रदान करती है और महाविद्यालय में स्थापित मेधा प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों को इस संबंध में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करती है। सांस्कृतिक गतिविधियों की प्राभारी डा. सुनीता ने सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि संस्कृति सामाजिक विकास का आधार है इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभागिता करते हुए विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सुंदर समाज बनाने में अपनी भूमिका निर्वाह कर सकते हैं। कला संकाय से कनक शर्मा, डा. राजेश कुमार, खुशबू, डा. नरवीर आदि ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वहीं, कार्यक्रम में मंच संचालन डा. निर्मला ने किया।

# जन समस्याओं का गंभीरता से हल करें अधिकारीः सिंह

- जिन समस्याओ का निस्तारण हो चुका है उनकी रिपोर्ट तैयार करके अति शीघ्रता से भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। जनता समाधान शिविर की कार्यप्रणाली को लेकर आयोजित वीडियो कांफ्रेसिंग में भाग लेते अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह व एचसीएस मीनाक्षी राज ने शुक्रवार को पानीपत के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से समाधान शिविर में दर्ज समस्याओं के जल्द से निस्तारण करने को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पानीपत प्रशासन से शिकायतों के निस्तारण को लेकर अपडेट लिया। समीक्षा बैठक में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने जल्द शेष समस्याओं के निदान करने का आश्वासन दिया। इधर, समीक्षा बैठक के बाद नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग की शेष समस्याओं के निस्तारण को लेकर तत्काल कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्याओं के निस्तारण को लेकर अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की बात कही। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की वो शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करें। जिन समस्याओ का निस्तारण हो चुका है उनकी रिपोर्ट तैयार करके अति शीघ्रता से भेजें।

## हिंदी के प्रयोग में पानीपत रिफाइनरी अव्वल

**पानीपत।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा रिफाइनरी टाउनशिप के सामुदायिक केंद्र में 52वीं बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कांपलेक्स ने की। बैठक में मंचासीन एमएल डहरिया अध्यक्ष, नराकास के साथ कुमार पाल शर्मा संयुक्त निदेशक कार्यान्वयन क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, सुधीर कुमार झा कार्यकारी निदेशक, नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड एवं शरद अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस ओम प्रकाश मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन संजय कुमार महाप्रबंधक कर्मचारी सेवाएं उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत राजभाषा गीत एवं दीप प्रज्वलन से की गई। बैठक में सदस्य सचिव डा. आशुतोष चंद्र झा ने सभी सदस्य कार्यालयों के राजभाषा छमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की गई। साथ ही सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं, अभिनव प्रयासों को भी सबके साथ साझा किया गया। समीक्षा के उपरांत उत्कृष्ट हिन्दी कार्यान्वयन करने के लिए कार्यालयों का राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया।

## नारी कल्याण समिति ने वाटर कूलर भेंट किया

**पानीपत।** नारी कल्याण समिति ने अत्यधिक गर्मी को देखते हुए आस्ट्रेलिया से पानीपत पहुंचने पर समिति की वरिष्ठ सदस्य कुसुम गुप्ता उनके मित्रों और बाल विद्या मंदिर स्कूल की प्रधानाचार्य अंजु कौशिक ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सावन माह में शीतल जल के वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। समिति की प्रधान कंचन सागर ने कहा कि शीतल जल से गर्मी के मौसम में राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत मिलती है। वहीं, जल दान से घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। कुसुम गुप्ता ने कहा कि यह एक सामाजिक कल्याण का कार्य है जो वंचित और जरूरतमंद लोगों की मदद करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति की उपाध्यक्ष ज्योत्सना गर्ग, मुख्याध्यापिका अन्जु कौशिक, पूजा अरोड़ा, अनीता बाटला, अनीता रानी शर्मा, रमेश गोसाईं, कुसुम गुप्ता,नीलम, सुमन शिंगला, नम्रता रस्तोगी, सीमा, सुमन, मुन्ना लाल, दिलीप कुमार अग्रवाल, प्रशान्त भुट्टन, स्वर्ण खुराना, मुख्याध्यापिका अंजु कौशिक आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। नारी कल्याण समिति के सदस्य बाल विद्या स्कूल में वाटर कूलर का शुभारम्भ करते हुए। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल में छात्र, आग काबू करने की ट्रेनिंग लेते हुए।

## विद्यार्थियों ने आग से आत्मरक्षा की ट्रेनिंग ली

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में दमकल विभाग के तत्वावधान में विभाग के मुख्य अग्निशामक अमित कुमार और अन्य सहायक सुमित ,प्रदीप व मोहित के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को घर या विद्यालय में आग लग जाने पर आत्मरक्षा के लिए जानकारियां दी गई। अमित ने विद्यार्थियों को घरेलू गैस सिलेंडर से आग लगने के कारण, आग बुझाने के उपाय और आत्मरक्षा के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि सिलेंडर में आग लग जाने पर उसके ऊपर गीला सूती कपड़ा डाल देना चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने बच्चों को बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी बहुत जरूरी है। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनुका अनेजा ने ज्ञानवर्धक कार्यशाला के लिए अमित का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी समय आपात स्थिति पैदा हो सकती है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन, बलराम शर्मा, शिक्षक वर्ग व विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## लायंस फाउंडेशन ने मेधावी विद्यार्थी सम्मानित किए

**पानीपत।** लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफएल टाउनशिप में कक्षा दसवीं के बोर्ड एग्जाम के टोपर को सम्मानित किया। पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफएल टाउनशिप से प्रथम आने वाले छात्र लक्ष्य तायल को मेडल, ट्रॉफी व पांच हजार रूपये, द्वितीय अर्शी जुनेजा को मेडल,ट्रॉफी व तीन हजार रूपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सोनाया नंदा को ट्राफी व दो हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया। वहीं पाइट संस्कृति स्कूल हुडा से प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पीहू को ट्राफी और पांच हजार रुपए, द्वितीय सिमरन लठवाल को ट्राफी व तीन हजार रूपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर आन्या को ट्राफी व दो हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया। पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉयन विनय गर्ग, सुरेश तायल चेयरमैन पाइट स्कूस एवं राकेश तायल सेक्रेटरी पाइट स्कूल्स उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा को निखारने में अपना पूरा समय लगाएं।



पानीपत। पाइट के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए लायंस फाउंडेशन के पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

## मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें नागरिक

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे सोशल मीडिया अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आज के दौर में हर काम इंटरनेट पर निर्भर हो रहा है। तमाम तरह के वित्तीय लेन देन मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं। जैसे-जैसे वित्तीय लेन देन को लेकर मोबाइल व इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ी है, वैसे-वैसे साइबर ठगी की घटनाओं में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। कमजोर पासवर्ड होने की वजह से भी हम कई बार साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। साइबर अटैक से बचने हेतु मजबूत पासवर्ड का अहम योगदान हो सकता है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

रीना रानी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री सुरिन्द्र पाल पुत्र श्री खरैती लाल निवासी मकान नम्बर 651, नजदीक विजय क्लीनिक, न्यू दिवान नगर, कच्चा कैम्प, पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि रीना रानी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री सुरिन्द्र पाल पुत्र श्री खरैती लाल निवासी मकान नम्बर 651, नजदीक विजय क्लीनिक, न्यू दिवान नगर, कच्चा कैम्प, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पति श्री सुरिन्द्र पाल पुत्र श्री खरैती लाल दिनांक 08-06-2022 को स्वर्गवास हो चुके हैं व मेरी सास श्रीमती कौशल्या धर्मपत्नी श्री खरैती लाल मेरे पति से काफी अरसे पहले स्वर्गवास हो चुकी हैं। मृतक स्वर्गीय श्री सुरिन्द्र पाल के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1- रीना रानी पत्नी 2- पंकज पुत्र 3- ज्योति पुत्री 4- कंचन पुत्री है। श्रीमती सांची तनेजा पार्षद वार्ड नम्बर 24 व सुनील पटवारी हल्का द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में निम्न वारसान की तसदीक की गई है ।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है । इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 01.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

### कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई

# देश के विभाजन के घाव आज भी हरे हैंः भाटिया

- कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, नवीन भाटिया आदि विभाजन विभीषिका कार्यक्रम को लेकर बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत में विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में शुक्रवार को विभाजन विभीषिका कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेताओं की बैठक हुई। विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के जिला संयोजक नवीन भाटिया ने बताया कि प्रदेश स्तर पर यह कार्यक्रम 14 अगस्त को फरीदाबाद में होगा, जबकि पानीपत में आठ अगस्त को एसडी कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। भाटिया ने बताया कि विभाजन विभीषिका प्रोग्राम में एसडी कॉलेज में प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जिसमें देश के विभाजन के दौरान की तस्वीरें लगाकर जानकारी दी जाएगी, ताकि आज की पीढ़ी को यह पता चल सके कि देश का विभाजन कितना दर्दनाक था। वहीं, कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को सम्मानित भी किया जाएगा। इधर, बैठक में बैठक में विधायक प्रमोद विज, जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के सह संयोजक गौरव लिखा, विजय सहगल, पार्षद अनिल मदान, ग्रामीण क्षेत्र से सुरेश गुंबर, दक्षिण मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, विक्की कत्याल आदि भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पानीपत को जाम मुक्त शहर बनाने की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम द्वारा शहर के बाजारों को जाम मुक्त करने के लिए नई योजना को जल्द शुरू की जाएगी। जिसको लेकर निगम अधिकारियों सहित मेयर द्वारा रोजाना जीटी रोड फ्लाईओवर समेत अन्य जगहों का निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं बाजारों के प्रधानों द्वारा रेहड़ी और फड़ी लगाने वाले संचालकों के फॉर्म भरकर निगम में जमा करवाने शुरू कर दिए गए है। स्मरणीय है कि फ्लाईओवर के नीचे निगम द्वारा ब्लॉक तैयार करवाए गए है। जिसमें प्रत्येक रेहड़ी एवं फड़ी संचालक को एक मेज जितनी जगह काम करने के लिए दी जाएगी, ताकि उनकी रेहड़ी और फड़ी बाजार में न लगे और बाजारों में दुकानदारों समेत आने-जाने वाले ग्राहकों को खुला वातावरण मिल सके। वहीं, बाजारों के हिसाब से फ्लाईओवर के नीचे हर एरिया में 100 ब्लॉक तैयार करवाए जा रहे है, ताकि एक जगह पर करीब 100 रेहड़ी एवं फड़ी लग सकेगी। वहीं बाकी बचे रेहड़ी एवं फड़ी संचालकों के लिए भी अन्य जगहों पर इंतजाम के प्रयास किया जा रहे है, ताकि शहर के किसी भी बाजार में रेहड़ी एवं फड़ी दिखाई न दें। वहीं फ्लाईओवर के नीचे रेहड़ी और फड़ी लगाने वाले संचालकों को निगम की ओर से पानी, बिजली और शौचालय की व्यवस्था मुहैया करवाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आठ हजार प्रति एकड़ किसानों को मिलेगा योजना का लाभ

**नारायणगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत इस वर्ष धान के स्थान पर अन्य फसलों की बुआई के लिए पूरे प्रदेश में 1 लाख एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विषय विशेषज्ञ डॉ. अमित वर्मा (पौधा संरक्षण), ने किसानों को बताया कि योजना के अंतर्गत खरीफ सीजन में धान की जगह अन्य फसलें जैसे मक्का, कपास, अरहर, मूंग, उड़द, ग्वार, सोयाबीन, तिल, अरंडी, मूंगफली, ज्वार, चारा, प्याज, बागवानी/सब्जियां और कृषि वानिकी (सफेदा, पोपलर) लगाने या खेत को खाली छोड़ने पर भी सरकार 8000 रुपये प्रति एकड़ की सहायता राशि प्रदान करेगी। वर्मा ने बताया कि इस वर्ष जिले के लिए 5060 एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### पांच आरोपियों को किया काबू

**अंबाला।** जुआरियों व सट्टा खेलने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अंबाला छावनी के रामबाग रोड 5 आरोपियों को जुआ खेलने के मामले में काबू किया गया है। आरोपियों से पुलिस ने 22,380/-रूपये बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। अब अदालत ने आरोपियों को जेल भेजने के आदेश जारी किए हैं।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी नरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपी सचिन को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया हुआ है। रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि आरोपी नरपाल सिंह भी इस मामले में संलिप्त है। पीड़ित महिला ने 30 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने टोटियां, छत का पंखा, ताले व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 31 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी साहिल ने जग्गी कॉलोनी कांवला में स्थित दुकान से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### एसडीएम सिवाच ने संभाला कार्यभार

**बराड़ा।** उपमंडल के नए एसडीएम सतिंदर सिवाच ने शुक्रवार को अपना पदभार संभाल लिया। इससे पहले सतिंदर सिवाच जिला नगर आयुक्त कुरुक्षेत्र के पद पर कार्यरत थे। सतिंदर सिवाच हरियाणा सिविल सेवा के 2016 बैच के अधिकारी हैं। सिवाच ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी मिलकर कार्य करेंगे तो उसके परिणाम अच्छे आएंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी व जनता को प्रशासन से काफी उम्मीदे होती है इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी ईमानदारी, मेहनत व लगन से कार्य करें।

19 की बजाय 15 फुट उंचाई रखने का आरोप

# अंबाला-शामली नेशनल हाइवे पर बन रहे पुल की उंचाई पर ग्रामीणों को गंभीर आपत्ति

**एसडीएम से मिले ग्रामीण, तुरंत पुल की उंचाई बढ़ाने का किया आग्रह, कहा अगर उंचाई न बढ़ी तो भविष्य में ग्रामीणों को कई गंभीर दिक्कतों का करना पड़ेगा सामना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। गांव दहिया माजरा में अंबाला- शामली रोड पर बन रहे पुल का दृश्य।

गांव दहिया माजरा के ग्रामीणों ने केंद्र सरकार की ओर से अंबाला-शामली नेशनल हाइवे परियोजना के तहत बन रहे पुल की ऊंचाई को लेकर गंभीर आपत्ति जताई है। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को गांव के पंच-सरपंच व बड़ी संख्या में ग्रामीण एसडीएम से मिले। उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।ज्ञापन के माध्यम से ग्राम पंचायत ने बताया कि गांव दहिया माजरा से बराड़ा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एनएचएआई) द्वारा एक पुल का निर्माण किया जा रहा है। इसकी ऊंचाई मात्र 15 फुट रखी गई है। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम व मानकों के अनुसार इस पुल की ऊंचाई न्यूनतम 19 फुट होनी चाहिए थी ताकि बड़े वाहनों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, कृषि यंत्रों और आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही में किसी भी प्रकार की रुकावट न हो।गांव की सरपंच गीता देवी ने बताया कि यह पुल न केवल दहिया माजरा गांव बल्कि आसपास के कई गांवों के लिए भी आवागमन का मुख्य मार्ग है। यदि इसकी ऊंचाई कम रखी जाती है तो आने वाले समय में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से बराड़ा और अन्य क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों का सीधा संपर्क है। ऐसे में यह पुल सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।दहिया माजरा गांव में बन रहा यह पुल अब सिर्फ एक निर्माण परियोजना नहीं बल्कि ग्रामीणों के लिए एक बुनियादी आवश्यकता का विषय बन गया है। यदि समय रहते ग्रामीणों की आवाज को नहीं सुना गया तो यह विकास कार्य एक बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। ग्राम पंचायत द्वारा उठाई गई यह मांग जनहित में है और प्रशासन को शीघ्र ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। दहिया माजरा के भारी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम को ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगाई। सरपंच पति रवि कुमार, विनोद कुमार, दलबीर सिंह, कुलबीर, जय सिंह, नंबरदार बलजीत, पंच अनुज कुमार, कमल कुमार सहित पंचों व ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस पुल के निर्माण से पूर्व न तो ग्राम पंचायत से कोई राय ली गई और न ही कोई जन-सुनवाई आयोजित की गई। इससे स्पष्ट है कि स्थानीय लोगों की समस्याओं और आवश्यकताओं को नजरअंदाज किया गया है।ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है और यह उचित समय है जब निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पुल की ऊंचाई को 19 फुट तक बढ़ाया जा सकता है। ऐसा नहीं करने पर भविष्य में यह पुल बाधा बन जाएगा। ग्रामीणों को वैकल्पिक मार्गों से लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होगी।गांव के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं सहित सभी ने एक स्वर में मांग की कि यदि इस मुद्दे का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी चेताया कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और अधिकारियों की होगी। गांव के प्रतिनिधियों में सरपंच गीता देवी, पंच सीमा, पंच उर्मिला, राजू कुमार, सुरेंद्र, रवि, हरीश, सुभाष, रोहताश सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने पुल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की और प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई।

**पुल की उंचाई बनाई जा रही 15 फुट**

गांव दहिया माजरा के ग्रामीण सड़क के पुल की ऊंचाई को लेकर उनसे मिले थे। ग्रामीणों के मुताबिक इस पुल की उंचाई 19 फुट होनी चाहिए थी, लेकिन विभाग द्वारा मौके पर इसकी ऊंचाई 15 फुट बनाई जा रही है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए वह इस मामले को संबंधित विभाग तक पहुंचाएंगे। तकनीकी टीम से रिपोर्ट मंगवाकर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

-सतिंदर सिवाच, एसडीएम, बराड़ा

## एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने दी स्वीकृति




अंबाला। अंबाला छावनी के एयरपोर्ट का बाहरी दृश्य।

- मंत्री अनिल विज बोले तिथि निर्धारित होते ही एयरपोर्ट का होगा उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी के एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। तिथि निर्धारित होते ही एयरपोर्ट का उद्घाटन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंबाला से अयोध्या, अंबाला से लखनऊ, अंबाला से जम्मू और अंबाला से श्रीनगर के लिए उडानें प्रारंभिक स्तर पर शुरू होंगी।

विज ने कहा कि ''अंबाला छावनी का एयरपोर्ट केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ की कृपा से बना है। इस एयरपोर्ट के निर्माण के लिए सेना की जमीन की आवश्यकता थी। यह जमीन रक्षा मंत्री ने ही दिलवाई है। इसलिए उन्होंने केंद्रीय रक्षा मंत्री से अनुरोध किया था कि अंबाला का एयरपोर्ट उनकी बदौलत से बना है। आप ही इस एयरपोर्ट का उदघाटन करेंगे'। विज ने कहा कि एयरपोर्ट का उद्घाटन भी 15 अगस्त के आसपास करने का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री और केंद्रीय रक्षा मंत्री को पत्राचार किया गया है ताकि दोनों की तरफ से एक ही तिथि तय हो पाए। उन्होंने कहा कि जैसे ही केंद्रीय रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा तिथि की सहमति हो जाती है तो उस तिथि को एयरपोर्ट का उद्घाटन कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट में नागरिक उड्डयन के अधिकारी व कर्मचारी भी तैनात कर दिए गए हैं। अंबाला छावनी की कनेक्टिविटी हिमाचल प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के अन्य जगहों से सीधी है। यहां तीन एयरलाइंस मंजूर कर दी गई हैं। इसके अलावा, अन्य एयरलाइंस भी अंबाला छावनी से उडान भरने के लिए स्वीकृति मांग रही हैं। अंबाला से अयोध्या, अंबाला से लखनऊ, अंबाला से जम्मू और अंबाला से श्रीनगर के लिए उडान शुरू की जाएगी।

## एसआईटी करेगी दीनानाथ सुसाइड केस की जांच, डीएसपी को मिली जांच की कमान

- तंग आकर दीनानाथ ने की थी आत्महत्या, तत्कालीन थाना प्रभारी समेत कई लोगों को पुलिस ने बनाया है आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

दीनानाथ सुसाइड केस में एसपी अजीत सिंह शेखावत ने एसआईटी का गठन किया है। इसकी जिम्मेदारी डीएसपी सुरेश कुमार को दी गई है। साक्ष्यों की सत्यता के आधार पर मामले की जांच को आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए डीएसपी ने मुलाना थाना प्रभारी को दस्तावेजों के साथ पेश होने के निर्देश दिए हैं ताकि मामले की तह तक पहुंचा जा सके। मृतक दीनानाथ के किन-किन लोगों से लेनदेन था और घटना से पहले संपर्क रहा है इस पर पुलिस फोकस कर रही है। एसपी ने एसआईटी को जल्द जल्द मामले में खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी ने मृतक दीनानाथ की पत्नी को पूछताछ और वीडियो साक्ष्य देने के लिए थाने में बुलाया था। अभी तक वह थाने नहीं आईं। ऐसे में पुलिस दोबारा से पीड़ित तक पहुंचने का प्रयास करेगी। बता दें कि करनाल के गढ़ी लबकरी गांव के 40 वर्षीय दीनानाथ खेतीबाड़ी का काम करता था। उसने खेती को ठेके पर दिया था। 11 अक्टूबर 2023 को उसके ट्यूबवेल पर कुछ लोग आए थे। इनमें ऋषिपाल भी शामिल था। उसकी मौत ट्यूबवेल पर संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी। इस मामले में भी दीनानाथ को आरोपी बनाया गया था। दीनानाथ ने आत्महत्या करने से पहले एक वीडियो भी बनाया था। इस वीडियो में उन्होंने संबंधित व्यक्तियों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। सुसाइड नोट के आधार पर मुलाना थाने में करनाल सीआईए के तत्कालीन प्रभारी मोहन लाल सहित जांच अधिकारी मनोज के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनके अलावा आशीष, अशोक पहलवान, बीरपाल, विरापाल,आशीष के दोनों मामा वा फूफा, गौरव, अजन, पवन, सूरज, नरेश, अशोक, अंग्रेज सैनी, प्रीत सहित दो महिलाओं को आरोपी बनाया गया है।

## कलावड़ में ऐतिहासिक मेले की तैयारियां शुरू

- दीवाली की तरह ग्रामीण हाथों में दीये व जलती मशाल लेकर जाते हैं गोगामाड़ी तक
- 60 फुट उंचा पवित्र निशान होता है आकर्षण का केंद्र , आसपास के कई जिलों से लोग मेले में करते हैं हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना




हल्के के निकटवर्ती गांव कलावड़ में हर साल गोगा माड़ी पर लगने वाला दो दिवसीय प्रसिद्ध एतिहासिक मेला इस बार 19 से आरंभ होकर 20 अगस्त तक आयोजित होगा। गांव में मेले की रौनक गोगा नवमी 17 अगस्त को ही आरंभ हो जाएगी । लगभग 60 फीट उंचा पवित्र निशान 17 अगस्त को प्राचीन गोगा माड़ी प्रांगण में स्थापित किया जाएगा। 18 अगस्त दोपहर को कलावड़ गांव की दूसरी गोगा माड़ी पर भी 60 फीट उंचा पवित्र निशान को स्थापित किया जाएगा। जिसे एक समय में केवल एक श्रद्धालु ही श्रद्धाभाव से उठाता है। इस दौरान 18 शाम को कलावड़ की दीवाली कहे जाने वाली रोशनियां निकाली जाएंगी। इसमें पूरा गांव एक मशाल के पीछे हाथ में तेल के दीये जलाकर पीछे पीछे गोगा माडी तक जाते हैं । 19 को गोगा माड़ी पर छड़ियों का मेला आयोजित होगा। मेले में गोगा माड़ी कमेटी व ग्राम पंचायत कलावड़ द्वारा कुश्ती व सांग के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। गांव कलावड़ में दो भव्य गोगामाडी. है। गांव की दोनों गोगा माड़ियों के प्रांगण पर करीब 60 फीट ऊंचे पवित्र निशान को स्थापित किया जाता है । इसे एक समय में केवल एक व्यक्ति द्वारा उठाया जाता है । ग्रामीणों का दावा है कि ऐसा केवल कलावड़ गांव में ही होता है। जहां दो निशान वो भी करीब 60फीट उंचे होते है । 18 अगस्त की शाम को कलावड़ गांव में एक अनोखी धार्मिक प्रथा 'रोशनी' का आयोजन होगा जिसे ग्रामीण गांव की दूसरी दीवाली भी कहते हैं। इस आयोजन में गांव के सभी लोग हाथों में तेल के दीये लेकर एक ज्वलंत मशाल के पीछे-पीछे गोगा माड़ी तक जाते हैं।

## विशेष समुदाय के जुलूस पर प्रतिबंध लगाने की मांग

- विहिप ने डीसी को दिया ज्ञापन
- पिछले साल जंडली के मुख्य बाजार में निकाला गया था जुलूस, विहिप के पदाधिकारी बोले साजिश के तहत माहौल खराब करने की हो रही है साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विहिप के पदाधिकारी।

जंडली के मुख्य बाजार में विशेष समुदाय की ओर से निकाले जाने वाले जुलूस को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने विरोध शुरू कर दिया है। शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के कई पदाधिकारी डीसी ऑफिस पहुंचे। उन्होंने एसडीएम दर्शन कुमार को ज्ञापन देकर इस जुलूस पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि पिछले साल रक्षाबंधन से एक दिन पहले बिना अनुमति एक जुलूस निकाला गया था। इसमें बाहर के शहरों और राज्यों से लोग बुलाए गए थे। जुलूस में लाउडस्पीकर पर जोर-जोर से नारे लगाए गए थे। उस वक्त बाजार में महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे, जिससे लोगों को परेशानी हुई थी। इस बार फिर ऐसा जुलूस निकालने की तैयारी हो रही है। इसी को लेकर बजरंग दल ने डीसी को ज्ञापन देकर मांग की है कि अंबाला में ऐसी कोई नई परंपरा शुरू न की जाए। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट संदीप सचदेवा ने बताया कि अचानक निकले इस जुलूस और दृश्य को देखकर महिलाएं और बच्चे डर गए थे। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर तक भय के कारण गिरा लिए थे। इस जुलूस में स्थानीय लोगों की संख्या बहुत ही कम थी। बाकी सभी लोग दूसरे शहरों और प्रदेशों से बुलाए गए थे। इसके बाद स्थानीय लोगों और शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने जुलूस को करवाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए सेक्टर 9 के थाने में शिकायत की थी। संबंधित व्यक्ति ने इस मामले में लोगों से माफी मांगते हुए आगे इस तरह की गलती न दोहराने का आश्वासन दिया था। पता चला है कि पिछले वर्ष की तर्ज पर इस साल भी फिर से इस प्रकार के जुलूस की तैयारियां चल रही हैं। पिछले वर्ष की तरह ही शहर और प्रदेश के बाहर से लोगों को बुलाकर फिर से शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही थी। स्थानीय लोगों ने भी प्रस्तावित कार्यक्रम पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग की है ताकि यहां का माहौल खराब न हो।

## सीबीएसई क्लस्टर- बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-19 की टीम ने जीता कांस्य पदक

- प्रिंसिपल ने खिलाड़ियों को दी बधाई, भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। विजेता टीम के खिलाड़ी प्रिंसिपल के साथ।

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के खिलाडियों ने सीबीएसई क्लस्टर- बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-19 बॉयज़ की टीम में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कांस्य पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता शेमरॉक स्कूल कैथल में आयोजित की गई। इसमें क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित टीमों ने भाग लिया। इस पूरे टूर्नामेंट में पुलिस डीएवी की टीम ने शानदार खेल भावना, रणनीतिक कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने विजेता रहे सभी बच्चों को और उनके माता -पिता को बहुत-बहुत बधाई दी और कहा कि खेल केवल जीत का माध्यम नहीं बल्कि चरित्र निर्माण का आधार भी है। हमारी टीम ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि कड़ी मेहनत, लगन और टीमवर्क से हर लक्ष्य संभव है। हर खिलाड़ी ने अपने आत्मविश्वास और अनुशासन के बल पर टीम को इस मुकाम तक पहुंचाया। विद्यालय इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करता है और उम्मीद करता है कि आने वाले वर्षों में छात्र खेलों के क्षेत्र में और भी उंचाइयां हासिल करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर टीम के कोच रणदीप गौड़ को भी बधाई दी।

## लिपिक की बहाली को लेकर 19 वें दिन भी बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी की बिजली यूनिटों में लिपिक गुरविंदर के निलंबन के विरोध में चला रहा प्रदर्शन 19 वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। विरोध प्रदर्शन में सब डिविजन नंबर दो में तीन घंटे धरना करके नारेबाजी की गई और कैंट यूनिट के अंतर्गत अन्य कार्यालयों में दो घंटे धरना प्रदर्शन किया गया। यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने केसरी में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन पूरे चरम पर है और अधिकारियों का विरोध लगातार जारी है। जब तक गुरविंदर को बहाल नहीं किया जाता, तब तक यूनियन का विरोध जारी रहेगा। इसके साथ -साथ सभी धरना स्थलों से सभी कर्मचारियों को यह संदेश भी है कि 1 अगस्त को सभी नई पेंशन स्कीम के कर्मचारी काला दिवस मना रहे हैं। प्रदेश सरकार एनपीएस के समानांतर यूनिफाइड पेंशन स्कीम की अधिसूचना जारी कर रही है और इसके विरोध में पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर सभी कर्मचारी काली पट्टी, रिबन, कपड़ा पहन कर इसका विरोध करेंगे। पूरे हरियाणा में सभी एनपीएस पीड़ित कर्मचारी सरकार की गलत पेंशन पॉलिसी के विरुद्ध लामबंद होकर अपने-अपने जिले में जिला स्तर पर रोष प्रदर्शन करके उपायुक्त को ज्ञापन देंगे। प्रदर्शन में नंबर दो सब डिविजन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव, मंच का संचालन सचिव गुरमीत सिंह ने किया।

पैदल मार्च कर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

## यूपीएस के विरोध में कर्मियों ने काले कपड़े पहनकर मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के सभी विभागों के कर्मचारियों ने यूपीएस लागू करने के विरोध में अपने कार्य स्थल पर काले कपड़े पहनकर और अपनी बाजू पर काला रिबन बांधकर काला दिवस मनाया। इसके बाद दोपहर बाद जिले के सभी विभागों के कर्मचारियों ने ऊर्जा भवन अंबाला शहर से लघु सचिवालय अंबाला तक यूपीएस एनपीएस के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिला प्रधान रमेश कुमार,जिला महासचिव सुदेश कुमार और जिला संयोजक विजय कुमार ने कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति 2018 से पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार संघर्षरत है। सरकार से बातचीत के दौरान एक कमेटी का गठन पुरानी पेंशन बहाली के लिए किया गया लेकिन सरकार पुरानी पेंशन बहाली के लिए किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंची। संघर्ष समिति के साथ बातचीत बिना किसी ठोस कारणों के बाद बंद कर दिया।अब सरकार यूपीएस लेकर आ रही है जो की पूर्णतया कर्मचारी के हितों के साथ खिलवाड़ है। कर्मचारी न ही एनपीएस चाहते हैं और न ही यूपीएस चाहते हैं इसलिए सरकार से निवेदन है कि एनपीएस यूपीएस के साथ ओपीएस का ऑप्शन भी कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए। समिति के राज्य उपप्रधान कमलदीप भट्टी ने कहा की सरकार को यूपीएस लाने से पहले कर्मचारियों का पक्ष भी सुनना चाहिए था। सभी विभागों के कर्मचारी यूपीएस के विरोध में खड़े हैं। सरकार को तुरंत प्रभाव से निर्णय लेकर के पुरानी पेंशन बहाली करनी चाहिए।उन्होंने कहा पेंशन बहाली संघर्ष समिति का संघर्ष जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती तब तक जारी रहेगा।



अंबाला। मांगों लेकर ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सभी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ साथ जो साथी पुरानी पेंशन में है वो भी विरोध में साथ आए है। राज्य कार्यकरणी से कमलदीप हुसैनी, आनंद कंवर, जिला कार्यकारणी से सतबीर देसवाल, सोनू यादव, सुभाष चंद ब्लॉक बराड़ प्रधान राजकुमार, सचिव लाहिरी सिंह, ब्लॉक अंबाला प्रधान हैप्पी पंचाल, सचिव दलबीर सिंह, साहा संयोजक दलबीर सिंह, सतीश कुमार, मंदीप सिंह, प्रकाश चंद, अमित कुमार, नारायणगढ़ ब्लॉक संयोजक परवीन कुमार, प्रवेश कुमार, गुरप्रीत, पूनम वर्मा, अंजू, मीना मैनी, संतोष सहित हजारों की संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।